## संक्षिप्त

### बांगडवा अध्यक्ष नियुक्त

**फुलेरा** । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा के बड़ की ढाणी स्थित श्याम सिटी कॉलोनी में मासिक मीटिंग का आयोजन समिति अध्यक्ष मदन लाल कुमावत की अध्यक्षता में बालाजी मंदिर परिसर पर आयोजित हुई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल को पूर्ण होने पर श्रीबालाजी सेवा समिति के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष पद पर हरीराम बांगड़वा को नियुक्त किया है। साथ ही कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार मौर्य,हरीश वर्मा,सचिव कानाराम प्रजापति,ओर कोषाध्यक्ष गोविंदराम प्रजापत को नियुक्त किया है।इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यकारिणी के सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्वरूप कंवर,शेडूराम कुमावत, रामगोपाल नायक,तेजपाल चौधरी,जुगल किशोर प्रजापत,सुखाराम जाट,कमलेश मंडावरिया,कालूराम वर्मा,अंकित वर्मा,प्रभुदयाल कुमावत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

**पावटा** । राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) द्वारा प्रागपुरा में जिला कोटपुतली बहरोड जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन प्रदेश प्रवक्ता व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य व खाद बीज निगम निदेशक जगदीश यादव की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात ब्लॉक व जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का माला में साफा पहनकर भव्य स्वागत किया। सम्मेलन के दौरान शिक्षकों की शिक्षण कार्य में बाधा बन रही विभिन्न समस्याओं व शैक्षिक नवाचारों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। वहीं शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि कैसे हो, शिक्षण कार्य प्रभावी कैसे हो इन बिंदुओं पर चर्चा की गई। गंगाराम नोगिया द्वारा शिक्षकों के कर्तव्य, भूमिका, गरिमा, बच्चों के भविष्य निर्माण व उनके सर्वांगीण विकास हेतु आव्हान किया। वही शिक्षक संघ अम्बेडकर ने राजस्थान सरकार से अपनी मांगों का मांग पत्र विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड को सौंपा। विधायक कुलदीप धनकड़ ने राजस्थान सरकार द्वारा शिक्षक संघ एवं उनकी वाजिब मांगों के लिए सदैव तत्परता के साथ काम करने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष श्रीराम लहरका द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रदेश महामंत्री गोकुल राम मीणा द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। ब्लॉक अध्यक्ष पावटा सुभाष चंद मीणा संयोजक रहे। कवि महावीर प्रसाद शर्मा पावटा द्वारा मंच संचालन किया गया।

### ट्रांसफॉर्मर धूं-धूं कर जला

**पावटा**। कस्बा पावटा के टसकोला रोड पर सनराइज स्कूल के पास शुक्रवार शाम को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बिजली के दो खंभे और उन पर लगा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया व धूं धूं कर जल उठा। घटना की आवाज इतनी तेज थी कि, आसपास के लोग अपने घरों व दुकानों से बाहर आ गए। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक वाहन चालक मौके से फरार हो चुका था। बिजली के तार जमीन पर गिरे, पर बडा हादसा टला गया।

# संभागीय आयुक्त पूनम ने जांची ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों की व्यवस्थाएं



जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम शुक्रवार को ग्राम पंचायत भाबरू में ग्रामीण सेवा शिविर और प्रागपुरा में आयोजित शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया ।

- सरकार की मंशानुरूप संवेदनशील और सजग होकर आमजन को त्वरित राहत प्रदान करें : संभागीय आयुक्त

**कोटपूतली-बहरोड** । जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहीं । इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भाबरू में ग्रामीण सेवा शिविर और प्रागपुरा में आयोजित शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया तथा कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी और एडीएम ओमप्रकाश सहारण भी मौजूद रहे।

आयुक्त ने विभागीय स्टोलवार निरीक्षण कर प्रगति एवं दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि ये शिविर आमजन की उम्मीदों को पूरा करने का माध्यम हैं, ऐसे में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन को सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करें। शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका प्राथमिकता से निस्तारण करें। संभागीय आयुक्त ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन को विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचें, अपनी समस्याओं का समाधान करवाएँ तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हों । इस अवसर पर उन्होंने संधारित रजिस्टरों एवं दस्तावेजों की जांच की तथा लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित नामांतरण, रास्ते से संबंधित प्रकरण, सहमति विभाजन, गिरदावरी एवं अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन वेरिफिकेशन शत-प्रतिशत पूर्ण कराने, खाद्य सुरक्षा विभाग को एनएफएसए के तहत पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने, आयुर्वेद विभाग को आयुर्वेद के लाभों के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा कृषि अधिकारियों को हाइब्रिड बीजों के लाभों की जानकारी कृषकों को देने के निर्देश दिए।

### ढोल-गरबा की थाप पर थिरके लोग

**दौसा**। रोटरी क्लब के तत्वावधान में स्थानीय श्याम सरोवर में डांडिया नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद सभापति सभापति कल्पना जैमन, रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 की गवर्नर प्रज्ञा मेहता, असिस्टेंट गवर्नर शिवशंकर सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला एवं सीईओ रवि प्रकाश शर्मा ने संयुक्त रूप मॉ अम्बे की प्रतीमा के समक्ष दीपप्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन में एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ गरबा एवं डांडिया नृत्य का आनंद लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों के सामूहिक नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। गुजराती गीतों के साथ-साथ युवाओं ने फिल्मी गीतों पर भी जमकर थिरककर कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बना दिया।

# शबरी प्रसंग व श्रीराम-हनुमान मिलन का मंचन

**पावट** । आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वाधान में रामलीला मैदान में शबरी प्रसंग श्रीराम-हनुमान मिलन, सुग्रीव मित्रता, बालि वध, सुग्रीव राज तिलक, सीता खोज व लंका दहन लीला का मंचन हुआ। प्रभु राम लक्ष्मण शबरी से मिले जहां शबरी ने वानर राज सुग्रीव का पता बताया। वही प्रभु राम लक्ष्मण

भक्त हनुमान से मिले। हनुमान ने उन्हें वानर राज सुग्रीव से मिलवाया और अग्नि के समक्ष प्रभु राम और सुग्रीव की मित्रता कराई। सुग्रीव की व्यथा सुन प्रभु राम ने सुग्रीव को बालि से युद्ध के लिए भेजा। बालि और सुग्रीव में भयंकर युद्ध होने लगा।

प्रभु राम दोनों भाइयों की शक्ल सूरत देखकर अचंभित हो उठे। तब सुग्रीव पराजित हो प्रभु के पास पहुंचे। प्रभु ने सुग्रीव के गले में पुष्पहार डाल कर पुनः उन्हें युद्ध के लिए भेजा। पुनः दोनों में भयंकर युद्ध हुआ। बालि के प्राणांत होने के पश्चात लक्ष्मण ने सुग्रीव का राजतिलक किया। उसके पश्चात सुग्रीव सभी वानर दलों को सीता खोज हेतु सभी दिशाओं में भेजते हैं। हनुमान की पूंछ में आग लगते ही हनुमान ने सारी लंका का दहन कर दिया। सभी भक्तगण भक्त हनुमान की जय जयकार करने लगे और भाव विभोर हो उठे। मेला परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। लीला मंचन को देख परिसर में जय श्रीराम व जय हनुमान के नारे से गूंज उठा। इस मंचन के दौरान राम लक्की, लक्ष्मण शुभम, शबरी महेश पारीक, सुग्रीव दीपक भारद्वाज, हनुमान रामशरण, बाली विकास पुजारी, अंगद टुन्नु, बोहरा, नल- नील बिहारी, युवराज, जामवंत लक्ष्य सहित कलाकारों ने अपना किरदार बखूबी निभाया। इस अवसर पर आदर्श रामलीला मंडल व्यास व अध्यक्ष योगेश शर्मा, निदेशक मोहन गौड, संरक्षक सुभाष गोयल, वीरेंद्र बंसल, वरिष्ठ कार्यकर्ता उमेश टांक, सुरेश शर्मा, अमरनाथ पटेल, महेश पारिक, सचिव चेतन जोशी, कोषाध्यक्ष विकास पुजारी, ललित शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र गौड, रामशरण बोहरा, सोनू अठावाल, सांवरमल बोहरा, दीपक पटेल, सहित रामलीला के समस्त पदाधिकारी एवं कलाकार सहित बड़ी संख्या में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से लोग मौजूद रहे।

### अजय अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष बने

**अलवर**। कृषि उपज मंडी में स्थित शिव मंदिर मैं श्री सार्वजनिक गौशाला स्टेशन रोड की वार्षिक सभा आयोजित की गई जिसमें गौशाला के वर्ष (2025-27) दी वार्षिक चुनाव संपन्न हुए सबसे पहले चुनाव अधिकारी गजानन गुप्ता जी का निर्विरोध चयन किया गया चुनाव अधिकारी ने सभी मौजूद सदस्यों से गौशाला के अध्यक्ष पद के लिए नाम मांगे जिसमें सर्वसम्मति से अजय अग्रवाल को गौशाला का अध्यक्ष चुना गया श्री अजय अग्रवाल जी को लगातार 28 वे वर्ष निर्विरोध चुना गया जो की राजस्थान में एक रिकॉर्ड है मुख्य सचिव के पद पर गौशाला में कार्यरत कोषाध्यक्ष श्री राकेश जैन जी को भी निर्विरोध चुना गया राकेश जैन पहली बार सचिव पद का कार्यभार संभालेंगे । अजय अग्रवाल लगातार 28वीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। गौशाला की स्थापना 1904 में हुई थी और यह भारत की सबसे प्राचीन गौशालाओं में से एक है।

# विराटनगर में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरु

- वोट चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में किया

**पावटा**। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विराटनगर स्थित निजी गार्डन में विराटनगर व पावटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की ओर से वोट चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में कडी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व विधायक गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि हाल ही में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा देश में हो रही वोट चोरी का बड़ा खुलासा किया गया है। इससे स्पष्ट हो गया है कि चुनाव आयोग की नाक के नीचे लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और आम मतदाता के अधिकारों का खुला हनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सर्वोपरि है। कांग्रेस हमेशा चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी रहेगी। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए गुर्जर ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जनता को गुमराह करके सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सेना के पराक्रम का राजनीतिक लाभ उठाया और 400 पार के नारे के जरिए लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की। गुर्जर ने यह भी आरोप लगाया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव सहित देशभर की करीब सौ लोकसभा सीटें वोट चोरी कर जीती गई हैं। गुर्जर ने साफ़ कहा कि कांग्रेस इस जनविरोधी कृत्य के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी। भाजपा के राज में आमजन परेशान है। किसान को फ़सल ख़राबे का मुवावजा नहीं मिल रहा, बेरोज़गारी दर लगातार बढ़ रही है। युवाओं के लिए रोज़गार के अवसरों को ख़त्म किया जा रहा, सत्ता दो चार लोगो के हाथो में सिमटकर रह गई। एआईसीसी के आ ान पर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने यह हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गोपाल मीणा ने कहा कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र का हनन कभी बर्दाश्त नही करेगी पूरे जयपुर ग्रामीण मे अभियान चलाकर इसका विरोध करेगें जिला प्रभारी रविन्द्र भाटड व विधानसभा प्रभारी योगेश मेहता ने कहा की हम सबको संगठित रहकर ब्लॉक व नगर सहित मण्डल स्तर तक हर व्यक्ति तक भाजपा सरकार का वोट चोरी करके सत्ता हासिल करने का असली चेहरा जनता के सामने लाना है ताकि भाजपा के लोग भोली भाली जनता को बरगला नहीं सके तथा जनता इनका असली चेहरा पहचान सके। इसके साथ ही कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया कि वे लोकतंत्र की रक्षा और वोट चोरी के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा, संभाग प्रभारी रविन्द्र भाटड, विधानसभा प्रभारी योगेश मेहता, पीसीसी सचिव जगदीश मीणा, जिलाध्यक्ष सरपंच संघ मेहर सिंह धनकड, रामनिवास यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव प्रधान, वीरेंद्र सैन सहित मंडल अध्यक्ष व काग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने भारत की चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता की रक्षा के लिए इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# फुलेरा क्षेत्र के चंहुमुखी विकास को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

- जीएसटी चर्चा पर व्यापारिक सभा आयोजित कर भारत सरकार की ओर से जारी नवीन जीएसटी प्रणाली पर क्षेत्रीय सांसद राव राजेन्द्र सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**फुलेरा** । जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस का फुलेरा जंक्शन पर वाणिज्यिक ठहराव शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत कर रहे जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह को फुलेरा व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एक ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व हलवाई बाजार स्थित कुकू बाबा की बगीची में जीएसटी चर्चा पर व्यापारिक सभा आयोजित कर भारत सरकार की ओर से जारी नवीन जीएसटी प्रणाली पर क्षेत्रीय सांसद राव राजेन्द्र सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। सांसद व फुलेरा के पूर्व विधायक का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। व्यापार महासंघ की ओर से दिए गए ।

ज्ञापन में बताया कि रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन का दो मिनिट स्टॉपेज फुलेरा जंक्शन पर करवाने का लिखित रूप से आग्रह किया गया। आराध्य देव बाबा रामदेव जी ओर नीब करोरी बाबा नैनीताल के श्रद्धालुओं के लिए यह रेल अति महत्वपूर्ण है, जिसके ठहराव करवाने का आश्वासन मिला। फुलेरा के राजकीय उपजिला चिकित्सालय में आर्थोपेडिक चिकित्सक की आरयूएचएस जयपुर में की गई प्रतिनियुक्ति अविलंब निरस्त करने के आदेश व सोनाग्राफी मशीन के लिए सोनोलॉजिस्ट पद सृजन करने की मांगे रखा । जिस पर मौके से ही सांसद सिंह ने फोन पर राज्य के चिकित्सा मंत्री से वार्ता की गई। फुलेरा काफी समय से नगरपालिका में अधिशासी अधिकारी व जलदाय विभाग में कनिष्ठ अभियंता के रिक्त पदों पर ध्यानाकर्षित करवाया। सांसद राव राजेन्द्र सिंह व पूर्व विधायक ने वन्दे भारत ट्रेन के फुलेरा जंक्शन पर वाणिज्यिक ठहराव को फुलेरवासियों ऐतिहासिक क्षण बताते हुए आपके साथ ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी व रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को भी नगरवासियों की ओर से धन्यवाद प्रेषित किया गया।

## सार-समाचार

### भाजपा के तीन स्तंभ एक साथ



**मनोहरपुर** । कस्बे के खोरा रोड स्थित सुप्रीम गैस एजेंसी में जिला प्रभारी व जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री का भव्य सम्मान किया गया। जानकारी अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जयपुर उत्तर जिले के शीर्ष नेतृत्व ने गुरुवार को मनोहरपुर स्थित सुप्रीम गैस एजेंसी का दौरा किया। इस दौरान पार्टी के तीनों मुख्य चेहरे एक साथ नजर आए, जिसे राजनीतिक हलकों में एक अहम घटना के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में सुरेश सैनी (जिला अध्यक्ष, भाजपा जयपुर उत्तर), सतवीर यादव (जिला प्रभारी, भाजपा जयपुर उत्तर) और हेमंत कुमार निर्मल (जिला महामंत्री, भाजपा जयपुर उत्तर) की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ा दिया। इन तीनों का एक साथ दिखना पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक रहा। मनोहरपुर इलाके की चर्चित सुप्रीम गैस एजेंसी इस दौरान जनसंपर्क का प्रमुख केंद्र बन गई। एजेंसी के प्रबंधक इन्द्र और अमित ने नेताओं का स्वागत किया। नेताओं ने एजेंसी के कार्यों की सराहना की और साथ ही उपभोक्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान सुरेश सैनी ने कहा, "हमारा उद्देश्य जनता की सेवा करना और उनकी समस्याओं का निस्तारण करना है। ऐसे सीधे संवाद से जमीनी हकीकत का पता चलता है।" वही सतवीर यादव ने कहा, "पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ता और नागरिक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।" हेमंत कुमार निर्मल ने कहा, "जयपुर उत्तर में भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।"

### शिविरों में समस्याओं का निस्तारण

**टोंक**। मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिलेभर में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों में आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हाथों हाथ मिल रहा है। साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। शिविरों में आने वाले लोगों के काम तेजी से होने से आमजन के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है। ग्राम नानेर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर कैम्प के दौरान प्रार्थी शिवराज माली ने राज्य सरकार की फ्लैगशीप योजना मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। वही ग्रामीण सेवा शिविर में पशुओं के बीमा पॉलिसी की गई। परिवादी शिवराज और रामलाल को पशुओं की अकस्मात मृत्यु होने की चिन्ता एवं आर्थिक भार से मुक्ति मिल गई है, उन्होंने पशुपालन विभाग एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए शिविर में दिये जा रहे लाभ की सराहना की। उपखंड टोंक ग्राम मण्डावर में आयोजित शिविर में 30 वर्ष पुराने समस्या से परेशान देवकरण पुत्र लालूराम गुर्जर के आंखो में आंसू आ गए, शिविर में आए देवकरण ने बताया कि उसका नाम सरकारी रिकार्ड में 30 वर्ष पूर्व गलत दर्ज हो गया था। इसलिए वह परेशान रहता था। शिविर में उसने तहसीलदार मानवेन्द्र जायसवाल एवं नायब तहसीलदार पूजा अटल को अपनी पीड़ा बताई दोनों अधिकारियों ने उसकी पीड़ा को समझते हुए भू अभिलेख निरीक्षक ललिता साहू व पटवारी भगवान सहाय गुर्जर को सरकारी रिकार्ड को जांचकर परिवादी का नाम शुद्ध करने के निर्देश दिए। नाम शुद्ध होने पर देवकरण ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। विकास अधिकारी शंकर लाल मेघवाल ने बताया कि शिविर में पंचायतीराज विभाग द्वारा 10 पट्टें, सामाजिक सुरक्षा पेंषन 09 व्यक्तियों को, कृषि विभाग द्वारा 282 कृषकों को मिनी किट, तथा 5 व्यक्तियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसी एवं चिकित्सा विभाग द्वारा 4 निक्षय मित्रों को खाद्य सामग्री सौंपी गई।

### रात्रि जागरण का आयोजन

**टोंक** । अन्नपूर्णा गणेश मंदिर प्रन्यास समिति के तत्वाधान में गणेश विदाई कार्यक्रम के अंतर्गत समिति के संरक्षक मठाधीश महंत कैलाशपुरी के सानिध्य में गुरुवार को रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष महेंद्र कुमार बैरवा, उपाध्यक्ष विजय तसेरा एवं प्रवक्ता प्रेम रघुवंशी ने बताया कि रात्रि जागरण का शुभारंभ भगवान गणेश की मंदिर के प्रमुख पुजारी दीपक पुरी एवं पंडित ओम बाबा के सानिध्य में पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर भजन मंडली के गायक कलाकारों भव्य प्रस्तुति देकर वातावरण भक्तिमय कर दिए जाने पर श्रोतागण नाचने पर मजबूर हो गए। वही शुक्रवार को मंदिर परिसर में सायंकाल भक्तगणों को प्रसाद वितरण किया गया।

### शिविर 29 सितम्बर को

**दौसा** । प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत वर्तमान निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन करने एवं नए खाते खोलने के लिए 29 सितम्बर को ग्राम पंचायत गुढलिया (बांदीकुई), काबलेश्वर (दौसा), लालपुरा (लालसोट), खेडला गढाली (महवा), सरुंदला (सिकंदरा) एवं पांचोली (सिकराय) के अटल सेवा केन्द्रों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान ने बताया कि वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन के लिए 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक एक देशव्यापी अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत वर्तमान निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन करने एवं नए खाते खोलने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंतर्गत अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा जिनका क्रियान्वयन जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा किया जा रहा है। 29 सितम्बर को ग्राम पंचायत गुढलिया (बांदीकुई), काबलेश्वर (दौसा), लालपुरा (लालसोट), खेड़ला गढ़ाली (महवा), सरुंदला (सिकंदरा) एवं पांचोली (सिकराय) के अटल सेवा केन्द्रों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में बैंक ऑफ बडौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं राजस्थान ग्रामीण बैंक के कार्मिक तथा बैंक के बीसी उपस्थित रहेंगे। आमजन अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# एक दिन, एक घण्टा की सहभागिता से हुआ स्वच्छता अभियान शुरु

- शपथ दिलाकर स्वच्छ अलवर का संदेश दिया तथा विकसित भारत स्वच्छता थैले का विमोचन किया

**अलवर** । केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को अलवर के हृदय स्थल होप सर्कस पर सेवा पखवाडे के अंतर्गत 'एक दिन, एक घण्टा, एक साथ' थीम पर आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की अगुवाई कर 40 से अधिक संगठनों व बडी संख्या में आमजन की सहभागिता से सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान मंत्रीगणों ने आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलाकर स्वच्छ अलवर का संदेश दिया तथा विकसित भारत क्विज के पोस्टर व स्वच्छता थैले का विमोचन किया।

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता ईश्वर के नजदीक ले जाने का विषय है। विकसित भारत के सपने को साकार करने में परिवेश को सुन्दर व स्वच्छ बनाया जाना अहम घटक है।

इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन चलाकर हर घर में शौचालय बनवाने का कार्य किया जिससे देश में स्वच्छता के क्षेत्र में वृहद परिवर्तन आया है। इससे आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढने के साथ स्वच्छता के महत्व को भी बढावा मिला है।

वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि अलवर शहर को स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाने की दिशा में निरन्तर प्रयास जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व व मार्गदर्शन में अलवर जिले को स्वच्छता सर्वेक्षण में 364वें स्थान से 54वां स्थान तथा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में देश के 130 शहरों में तीसरा स्थान प्राप्त होना सभी अलवरवासियों के लिए गौरव का विषय है।

उन्होंने कहा कि एक दिन, एक घण्टा, एक साथ अभियान को प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में ढालकर अपने गली-मौहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाकर शहर की स्वच्छता में सहयोग करने की महती आवश्यकता है।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान ऑटो टिपर चलाकर शहर में कचरा इक-ा कर आमजन को निर्धारित स्थान पर कचरा डालने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शहर में 125 ऑटो टिपर संचालित है जो घर-घर कचरे का संग्रहण करते हैं अतः शहर का स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। अतः आमजन ऑटो टिपर में कचरे को गीले व सूखे के रूप में पृथक करके ऑटो टिपर में डाले।

### मौसमी बीमारियों पर रोक के लिए मेडिकल विभाग तैयार

**अलवर**। अचानक मौसम के पलटा खाने से अलवर जिले में इन दिनो मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए मेडिकल विभाग पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर योगेन्द्र कुमार शर्मा ने दावा किया है कि उन्होंने मौसमी बीमारियों से लडने के लिए कमर कस ली है लेकिन विभाग जिले में बिना लाइसेंस मेडिकल प्रैक्टिस करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर नकेल नही कस पाया है जो इस मौसमी सीजन को भुनाने में लगे हुए है। सीएमएचओ योगेन्द्र शर्मा ने दावा किया कि मौसमी बीमारियों से लडने को स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है हर क्षेत्र में निगरानी की जा रही है और अगर जरा भी बीमारियों ने पैर पसारे तो उसका इलाज उनके पास है सभी पीएचसी और सीएचसी पर प्रचुर मात्रा में दवाइयां उपलब्ध करा दी गई है सभी डाक्टर अपने क्षेत्र में निगरानी कर रहे है ।

# शिविर में 5 को पट्टा वितरण, 18 जन्म-मृत्यु जारी हुए

- सेवा शिविर में नौ जन आधार उपडेट किए

**फुलेरा**। राज्य सरकार व स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार नगर पालिका क्षेत्र फुलेरा मे शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी सूर्यकांत शर्मा के नेतृत्व में वार्ड न. 12, 13 व 14 का शिविर रेल परिसर स्थित रेलवे इन्सीट्यूट में आयोजित किया गया। स्थानीय वार्ड पार्षद सरदार सिंह चौधरी ने बताया कि उक्त शिविर में पालिकाकर्मी, जनप्रतिनिधि सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों, लाभान्वितों एवं आम जनता की उपस्थिति में इस कार्यक्रम मे 5 लाभार्थियों को पट्टा वितरण किया गया, 18 जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीकरण, 20 रोड लाईटों को रिपेयर किया गया तथा 9 जन-आधार अपडेट किये गये एवं शिविर में प्राप्त किये गये आवेदनों नियमानुसार जाँच कर शीघ्र निस्तारण कर आम जनता को राहत प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, पार्षद सरदारसिंह चौधरी, जितेन्द्र वर्मा, बबिता सारवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर मे उपखण्ड अधिकारी, सांभरलेक ऋषिराज कपिल ने शिविर का निरीक्षण कर लाभार्थियों से संवाद कर तथा अधिकारी, कर्मचारियों को शहरी सेवा शिविर 2025 में आमजन को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गये।



शिविर में विवाह पंजीकरण, 20 रोड लाईटों रिपेयर तथा 9 जन-आधार अपडेट किये।।